बिहार लोक सेवा आयोग,
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना

आवश्यक सूचना–सह–दिशा निर्देश

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अंतर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में दिनांक 07.02.2022 को वि॰सं॰ 44/2020, 52/2020 एवं 53/2020 के लिए प्रकाशित साक्षात्कार कार्यक्रम की कंडिका– 3 (xi) को विभागीय पत्रांक 478 दिनांक 21.02.2022 के आलोक में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है।

"यदि आप विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अधीन राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में संविदा/TEQIP पर नियोजित सहायक प्राध्यापक, का अनुभव रखते हैं, तो विभागीय अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सक्षम प्राधिकार द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार द्वारा निर्गत संबंधित अनुभव प्रमाण–पत्र विज्ञापन की कंडिका 5 के आलोक में अनुभव अंक देने हेतु प्रस्तुत कर मूल से सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। उम्मीदवार अपने स्तर से आश्वस्त हो लें कि उक्त अनुभव प्रमाण पत्र विभागीय अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सक्षम प्राधिकार द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार द्वारा निर्गत हो तथा उसमें स्पष्ट रूप से नाम, पदनाम, संविदा/TEQIP, कुल संविदा अनुभव की अवधि का उल्लेख हो।" साक्षात्कार कार्यक्रम की शेष कंडिका यथावत् रहेगी।

2. विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अधीन राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों के अंतर्गत प्रकाशित वि॰सं॰ 44/2020 (सहायक प्राध्यापक, सिविल इंजीनियरिंग) की लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि उनके औपबंधिक एकेडमिक अंक/अनुभव के मूल्यांकन की गणना का प्रदर्शन आयोग के वेबसाईट पर कर दिया गया है, जिसे उम्मीदवार अपना User ID & Password जो इस विज्ञापन के अंतर्गत ऑनलाईन आवेदन फार्म भरते समय उम्मीदवारों को मिला था, डालकर देख सकते हैं। एकेडमिक अंक/अनुभव से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियाँ साक्षात्कार के दिन सत्यापन हेतु प्रस्तुत नहीं करने पर उम्मीदवारों की अर्हता/अंक गणना प्रभावित होगी।

यदि किसी उम्मीदवार को अपने एकेडमिक अंक/अनुभव के मूल्यांकन की गणना पर किसी प्रकार की आपत्ति हो, तो आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित निर्धारित आपत्ति प्रारूप को भरकर साक्ष्य सहित सम्बन्धित प्रमाण पत्र अपने साक्षात्कार के दिन सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

24.2.22

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना